क्षेत्रीय कार्यालय
उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
अयोध्या

पत्रांक 1194/NOC/2022 **दिनांक** 25-5-2022

सेवा में,

जिला मजिस्ट्रेट,
अयोध्या।

विषय–मै0 इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा भूमि गाटा संख्या–116 ग्राम–साल्हेपुर निमैचा, तहसील–सोहावल, जिला अयोध्या पर पेट्रोल/डीजल के रिटेल आउटलेट हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या–1695/आयु0लि0/NOC-IOCL/SALHEPUR NIMAICHA/2022 दिनांक 26.03.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। संदर्भित पत्र के माध्यम से मै0 इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा भूमि गाटा संख्या–116 ग्राम–साल्हेपुर निमैचा, तहसील–सोहावल, जिला अयोध्या पर पेट्रोल/डीजल के रिटेल आउटलेट की स्थापना के लिए अनापत्ति हेतु स्पष्ट अभिमत की अपेक्षा की गयी है।

उपरोक्त वर्णित प्रोजेक्ट मै0 इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा भूमि गाटा संख्या–116 ग्राम–साल्हेपुर निमैचा, तहसील–सोहावल, जिला अयोध्या पर पेट्रोल/डीजल के रिटेल आउटलेट की स्थापना हेतु पेट्रोल पम्प द्वारा संचालन से पूर्व केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण द्वारा दिनांक 16.08.2021 को पेट्रोल पम्प हेतु जारी गाईडलाइन के अनुरूप निम्नलिखित बिन्दुओं पर अनुपालन किया जाये।

01– प्रस्तावित पेट्रोल पम्प द्वारा वैपर रिकवरी सिस्टम की स्थापना सुनिश्चित की जाये।

02– प्रस्तावित पेट्रोल पम्प की स्थापना नदी/ड्रेन/नहर/तालाब इत्यादि सतही जल श्रोतों से 100 मी0 दूर स्थापित किया जाये।

03– प्रस्तावित इकाई द्वारा ईधन का भण्डारण डबलवाल्ड अण्डरग्राउण्ड स्टोरेज टैंक मे किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

04– प्रस्तावित पेट्रोल पम्प द्वारा भूगर्भ जल एवं मिट्टी के अनुश्रवण प्रत्येक वर्ष एन0ए0बी0एल0 मान्यता प्राप्त लैबोरेटरी से कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

प्रस्तावितपेट्रोलपम्प द्वारा यदि उपरोक्त बिन्दुओं पर अनुपालन किया जाता है तो विभाग को प्रस्तावित पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु औपबन्धिक रूप से कोई आपत्ति नही है।

उक्त आख्या वांछित अनुमतियों को प्रभावित नही करेगा। पेट्रोल पम्प पर यदि जनरेटर की स्थापना की जाती है तो ध्वनि/वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु एकास्टिक इनक्लोजर लगाया जाना अनिवार्य है एवं उक्त हेतु बोर्ड से पृथक रूप से आनलाईन सहमति आदेश प्राप्त किया जाना भी अनिवार्य होगा।

भवदीय

क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपि– मुख्य पर्यावरण अधिकारी(वृत्त–6), उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

25-4-22

क्षेत्रीय अधिकारी

सैयद ताबिश अहद/ Syed Tabish Ahad
वरिष्ठ प्रबन्धक (रिटेल सेल्स)/Sr. Manager (Retail Sales)
गोरखपुर मंडल कार्यालय/Gorakhpur Divisional Office
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड/Indian Oil Corporation Ltd.
गोरखपुर/Gorakhpur